बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
जल निस्सरण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर

पुनः निविदा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2020–21
(केवल ई–टेंडरिंग पद्धति के अनुसार बेवसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर)

1) कार्य का विवरण :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० लाख में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल/मैनुअल मोड में भुगतेय) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय) रू० में | बेलट्रान को देय बिड प्रारोसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू० में | कार्य समाप्ति की तिथि | अभि० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट प्रखण्ड अन्तर्गत बागमती नदी केदायें तट पर स्थितवदेया जमींदारी बाँध और गोड़िहारी पागा ग्रामीण पथ का पुर्नस्थापन कार्य। | 63.39 | 1.268 | 10000.00 | 1180.00 | 15.05.2020 | |

2) निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 11/04/2020

3) निविदा कागजात डाउनलोड करने की अवधि :– दिनांक 24/04/2020 से 25/04/2020 बजे अपराहन् तक।
(सिर्फ बेवसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर)

4) प्री– बीड मिटिंग का समय, स्थान एवं तिथिः– दिनांक 24/04/2020 समय 3.00 बजे अपराहन् में, अधीक्षण अभियन्ता, बाढ़ नियत्रण एवं जल निस्सरण अचंल, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में

5) निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 27/04/2020 के 03:00 बजे अपराहन् तक।
(सिर्फ बेवसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर)

6) तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 29/04/2020 के 03:30 बजे अपराहन्।
(सिर्फ बेवसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर)

7) वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी।
(सिर्फ बेवसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर)

8) निविदा खोलने का स्थान :– (सिर्फ बेवसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर)

9) निविदा की वैघता अवधि :– 120 दिन।

10) विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर।

11. ई–निविदा मात्र वेबसाईट www.eproc.bihar.gov.in पर डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकता हैं ।

12. ई–टेडरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदको को ई–टेंडरिंग हेतु पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (user ID) पासवर्ड (Password), अंकिय हस्ताक्षर (Digital Signature) आवश्यक होगा । यह उन्हें वेबसाईट www.eproc.bihar.gov.in. से डाउनलोड करने/ई–टेंडरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा ।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता
जल निस्सरण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर

Scanned with CamScanne

आवश्यक शर्त :-

1. (क) E-Tendering / E-Procurement प्रणाली के तहत निविदा हेतु बिड प्रोसेसिंग शुल्क एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जाएगा) का भुगतान online mode (e-payment mode) यानि Internet Payment Gateway (Credit /Debit Card ) ,Net Banking ,NEFT/RTGS द्वारा किया जाना अनिवार्य है।

(ख) E-Tendering / E-Procurement प्रणाली के तहत निविदा में अग्रधन के रूप में जमा की जाने वाली राशि online mode (e-payment mode) अथवा Physical Mode /Manual Payment system में स्वीकार्य होगा।

online mode के तहत अग्रधन की राशि Internet Payment Gateway (Credit /Debit Card) ,Net Banking ,NEFT/RTGS के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

Physical Mode /Manual Payment system के तहत अग्रधन की राशि राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से फिक्स डिपोजिट का रसीद जो निविदा प्राप्ति के अंतिम तिथि के छः माह बाद तक मान्य हो/अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट /डाकघर का बचत खाता पासबुक एक/दो/तीन वर्षीय सावधि जमा/राज्य के अन्तर्गत राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र/पाँच वर्षीय राष्ट्रीय विकास बॉण्ड/राज्य विकास ऋण प्रमाण पत्र अथवा बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता / वित्त नियमावली में प्रावधानित किसी भी रूप में कार्यपालक अभियंता , जल निस्सरण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर ( Executive Engineer DRAINAGE DIVISION Muzaffarpur) के पदनाम से विधिवत प्रतिज्ञिप्त कर अथवा एक करोड़ से अधिक के कार्य के लिए बैंक गारंटी जो बिड के मान्य अवधि से 45 दिन अधिक तक के लिए बिहार अवस्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक से निर्गत हो । ( अगर बिहार प्रान्त के बाहर के बैंक से निर्गत बैंक गारंटी दिया जाता है तो एकरारनामा के पूर्व इसे बिहार अवस्थित किसी बैंक से निर्गत किया जाना होगा। ) इसकी मूल प्रति कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, मुजफ्फरपुर / मुख्य अभियंता , बाढ़ नियत्रण एवं जल निस्सरण जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में से किसी एक कार्यालय में दिनांक 28/04/2020 के 03 : 00 बजे अपराह्न तक जमा करना अनिवार्य है, ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।

(ग) **" Bids along with necessary online payments must be submitted through e-Procurement portal www.eproc.bihar.gov.in before the data and *time specified in* the NIT. The department doesn't take any responsibility for the delay / Non submission of Tender/Non Reconciliation of online Payment caused due to Non availability of Internet connection, Network Traffic/Holidays or any other reason."**

(घ) **"BSEDC Processing Fee and Tender Fee/BOQ Fee has to be paid through e-Payment mode only.**

**"EMD may be paid either through online or offline mode."**

2. संवेदक परिमाण विपत्र सिर्फ वेबसाइट से प्राप्त करने के उपरांत वेबसाइट पर ही इलेक्ट्रॉनिक निविदा पत्र को भर कर अपलोड करेंगे। अन्य सभी महत्वपूर्ण कागजात बैंक ड्राफ्ट /अग्रधन की राशि / सभी प्रमाण–पत्र जो निविदा के लिए आवश्यक है को स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।

3. किसी भी प्रकार का शुद्धि–पत्र को वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा । अधोहस्ताक्षरी को बिना पूर्व सूचना के एवं बिना कारण बताए निविदा रद्द /विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

4. संवेदक स्कैन कर कागजातों को अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रमांक अंकित करेंगे ताकि किसी खास कागजात को क्रमांक संख्या /पृष्ठ संख्या के आधार पर शीघ्र खोजा जा सके । सभी प्रलेख **Pdf,MS Office(Compatibillity Mode), JPEG, Zip Format** में ही **Upload** किये जाए ,अन्य **Format** में **Upload documents** के **Download/open** नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा । विभागीय वेबसाईट पर स्कैन कागजात की ही मान्यता दी जायगी।

5. संवेदक स्कैन पर अपलोड किए गये कागजातों की **Download ability /visibility** से पूर्ण रूपेण संतुष्ट हो लेगें।

6. इन्टरनेट सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि होने के संबंध का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। अतः संवेदको को चाहिए कि अंतिम समय के पूर्व ही कठिनाइयों से बचने हेतु बीड को अपलोड कर लें ।

7. बीड प्राप्त करने की अंतिम निर्धारित तिथि को 12.00 बजे रात्रि से निविदा डालने के निर्धारित समय के पूर्व यदि **www.eproc.bihar.gov.in** का लगातार 2 घंटे से अधिक समय के लिए सर्वर डाउन होने की स्थिति में निविदा डालने की तिथि स्वतः अगले दिन के लिए निर्धारित समय तक विस्तारित हो जायेगी ।

Scanned with CamScanner

8. संवेदक के विपत्र से 1 % (एक प्रतिशत ) सेस की राशि भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड मद हेतु कटौती की जायेगी।

9. विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है।
ई–टेंडरिंग की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी/ सूचना हेतु ई–टेंडरिंग कम्प्युटर सेल, सिंचाई भवन , पटना ( 0612–2235241) एवं सहायता कक्ष , M/22 बैंक ऑफ इण्डिया , प्रथम तल्ला ,रोड नं0–25 श्री कृष्णानगर ,पटना मोबाईल सं0 – 07542028184 एवं दूरभाष संख्या – 0612–2523006 पर संपर्क किया जा सकता है।

10. कार्य की प्राक्कलित राशि एवं मात्रा में घटोतरी एवं बढ़ोतरी हो सकती है। तदनुसार अग्रधन की देय राशि संशोधित समझ जायेगी ।

11. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा ।

12. निविदादाता के प्री क्वालीफिकेशन बीड के साथ निम्नलिखित स्वअभिप्रमाणित दस्तावेज देना अनिवार्य है–
(क) निविदादाता का जल ससांधन विभाग बिहार सरकार में समुचित श्रेणी में निबंधित होने का अद्यतन प्रमाण–पत्र ।
(ख) निर्गत परिमाण विपत्र में अंकित अग्रधन की राशि, बिहार सरकार, वित्त विभाग द्वारा अनुमान्य निर्धारित स्वरूप में ।
(ग) निम्न आशय का शपथ –पत्र (affidavit) निविदा के साथ समर्पित करना होगा जो इस प्रकार है–"

**I, the undersigned, do hereby certify that all the statements made in the required attachments are true and correct, and if found fake/forged, the undersigned will be liable for infliction upon the FIR and lawful punishment as well as black listing".**

13. जल ससांधन विभाग पटना के पत्रांक 3719 दिनांक 10/11/2017 का अनुपालन अनिवार्य होगा, अर्थात
(i) बाढ़ 2020 के पूर्व कटाव निरोधक कार्यो/ बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो के कार्य स्थल पर बाढ़ अवधि 2020 में कटाव की स्थिति में कटाव को नियंत्रित करने /स्थल की सुरक्षार्थ बाढ़ संघर्षात्मक कार्य करने की जिम्मेवारी उक्त कार्य के संवेदक की होगी।
(ii) बाढ़ अवधि 2020 में बाढ़ संघर्षात्मक कार्यो हेतु संबंधित मुख्य अभियन्ता / अधीक्षण अभियन्ता / कार्यपालक अभियन्ता के निर्देशानुसार विभिन्न स्थलो पर बाढ़ संघर्षात्मक सामाग्रियो यथा बालू, फिल्टर मेटेरियल, (ई0 सी0 बैग, जियो बैग , मेगा जियो बैग इत्यादि) में बालू, भरने तथा इसके भडांरण किये जाने की जिम्मेवारी उक्त Reach में कटाव निरोधक कार्य के संवेदक की होगी।
(iii) निविदा समर्पित करते समय संवेदक द्वारा उपरोक्त कांडिका (i) एवं (ii) के कार्य को करने का सहमति संबंधी शपथ पत्र समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा।

14. निविदत्त कार्य के अनुरूप न्यूनतम एक कार्य (minimum one similar work) जिसका न्यूनतम प्राक्कलित राशि निविदत्त कार्य के प्राक्कलित राशि का 10 प्रतिशत हो, का क्रियान्वयन संवेदक द्वारा पूर्व में किया गया हो, संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना है।

15. प्री क्वालिफिकेशन बीड में सफलता का निर्धारण उपरोक्त पांचों कागजात के आधार पर ही होगा।

16 विभागीय पत्रांक 599 दिनांक 06/12/2019 के आलोक में मालिकाना फीस (Seigniorage fee) एवं रॉयल्टी की कटौती नियामानुसार की जाएगी।

17. पथ निर्माण विभाग पटना के अनुसार पत्रांक 447(एस0) दिनांक 16/01/2020 के द्वारा निविदाओं में निविदित दर की न्युनतम अधिसीमा नही होगी। निश्चित स्तर के नीचे निविदित दर दिये जाने पर निम्नवत् अतिरिक्ति कार्य प्रतिभू (Addrtional Performance Guarantee) लेने का प्रावधान किया जाता है।

a) परिमाण विपत्र की दर से 0से 5 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Addrtional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए ली जाय।

b) परिमाण विपत्र की दर से 5से 15 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Addrtional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए ली जाय।

c) परिमाण विपत्र की दर से 15से 20 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 01 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Addrtional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए ली जाय।

Scanned with CamScanne

d) परिमाण विपत्र की दर से 20 प्रतिशत से ऊपर कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 02 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Addrtional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए ली जाय।

18. जल संसाधन विभाग का पत्रांक 686 दिनांक 19.08.2014 का अनुपालन अनिवार्य होगा।

19. तकनीकी बीड में कई सफल निविदादाताओं का समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में सफल निविदादाता का चयन बिहार पुनरीक्षित लोक निमाण संहिता के कंडिका 163 के आलोक में लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा ।

20. 200.00 लाख से कम की निविदाओं में निविदित दर की न्यूनतम अधिसीमा निर्धारण के संबंध में विभागीय पत्रांक 919 दिनांक 06.11.2014मान्य होगा।

21. निविदादाताओं को पत्राचार का पता , दूरभाष संख्या/मोबाईल संख्या तथा अपना ई0 मेल आई.डी. संलग्न करना होगा ताकि निविदा से संबंधित सूचनाएँ ससमय दी जा सके।

22. संवेदक को सभी कार्य विस्तृत परिमाण विपत्र में वर्णित शर्तें एवं स्वीकृत कार्य के अनुसार कराना अनिवार्य होगा। जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा निविदा से संबंधित सभी अद्यतन अनुदेश एवं शर्तें मान्य होगी।

23. निविदा में भाग लेने वाले सम्वेदक को जी0 एस0 टी0 का निबन्धन अनिवार्य होगा।

11.04.20

कार्यपालक अभियंता
जल निस्सरण प्रमंडल मुजफ्फरपुर

पत्रांक– 220 मुज0/दिनांक– 11/04/2020

प्रतिलिपि : जन संपर्क पदाधिकारी , जल संसाधन विभाग, बिहार , सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं निविदा आमंत्रण सूचना की सात प्रति एवं सी0डी0 आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि इसे ससमय राज्य स्तरीय दो दैनिक (हिन्दी एवं अंग्रेजी) समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने की कृपा की जाए।

अनु– 1. निविदा सूचना –सात प्रतियों में ।
2. सी0डी– एक अदद।

11.04.20

कार्यपालक अभियंता
जल निस्सरण प्रमंडल मुजफ्फरपुर

Scanned with CamScanner